





नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 10 जुलाई, 2026


# कामबंद हड़ताल : एक स्थाई कर्मी निलंबित

## निगम के नवीन भवन परिसर में धरना देकर नारेबाजी, चार नगर निगम कर्मियों के प्रभार छीने, दो दिन से सफाई व्यवस्था चौपट

नवभारत न्यूज

**सागर 9 जुलाई. नगर निगम सागर के कर्मचारियों द्वारा वेतन सहित एक दर्जन मांगों को लेकर कल से कामबंद हड़ताल शुरु कर दी गई जिससे निगम का कामकाज प्रभावित हुआ तो निगम आयुक्त ने एक स्थाई कर्मी को निलंबित कर चार कर्मचारियों के प्रभार छीन लिए गए हैं. कामबंद हड़ताल से दो दिन में ही सफाई व्यवस्था चौपट हो गई. निगम कर्मियों द्वारा नवीन भवन परिसर में ही धरना देकर नारेबाजी की गई.**



निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कार्य में लापरवाही एवं प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता पाए जाने पर सख्त रुख अपनाते हुए स्थायीकर्मी राजेंद्र मलैया को निलंबित करने तथा चार कर्मचारियों राजेश सिंह राजपूत, आनंद मंगल गुरु, शईदउद्दीन कुरैशी एवं हरेंद्र खटीक को उनके प्रभारों से मुक्त करने के आदेश जारी किए हैं. जारी आदेशों के अनुसार वाहन प्रभारी हरेंद्र खटीक के स्थान पर कार्यपालन यंत्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है. उपयंत्री आयुष शुक्ला एवं कृष्ण कुमार चौरसिया को सहायक प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है. साथ ही कृष्ण कुमार चौरसिया को मजदूरी शाखा का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है.

स्वास्थ्य विभाग में राजेश सिंह राजपूत के स्थान पर सहायक आयुक्त तबस्सुम खान को प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी तथा शशांक रावत को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है. आनंद मंगल गुरु से बाजार शाखा सहित सभी प्रभार वापस लेते हुए उक्त दायित्व प्रभारी राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को सौंपे गए हैं. इसके अतिरिक्त सहायक आयुक्त तबस्सुम खान को जीपीएफ, पेंशन, लोक सूचना अधिकारी एवं एनपीएस शाखा का प्रभार भी दिया गया है. फायर शाखा में शईद उद्दीन कुरैशी के स्थान पर कार्यपालन यंत्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि कृष्ण कुमार चौरसिया एवं आयुष शुक्ला को सहायक फायर अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है. निगमायुक्त ने स्वास्थ्य स्थापना शाखा में पदस्थ राजेंद्र सनकत का स्थानांतरण करते हुए उन्हें पंतनगर जोन क्रमांक-8 में सफाई कार्य हेतु पदस्थ किया है. श्री खत्री ने सहायक स्वच्छता अधिकारी श्री गुरु को कर्मचारी संघों की मांगों के निराकरण से संबंधित मामलों में अपेक्षित कार्यवाही न करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है. नोटिस में उन्हें एक दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. निगमायुक्त ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्यों में लापरवाही, उदासीनता एवं दायित्वों के प्रति असंवेदनशीलता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जावेगी.

# नकल शाखा के निरीक्षण में कर्मचारी निलंबित

## कलेक्टर ने कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पेंडेंसी पर नाराजगी जताई

नवभारत न्यूज

**सागर 9 जुलाई. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नकल शाखा एवं अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कार्यों में लापरवाही और भारी पेंडेंसी पाए जाने पर सहायक ग्रेड-3 सुधीर शर्मा को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं.**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक से बाहर हो चुके मामलों की गहन समीक्षा की. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन भी स्तरों पर मामलों को बेवजह लंबित रखा गया है, उनकी सूची तैयार कर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए. कार्यप्रणाली को पूरी तरह व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए कलेक्टर ने प्रशासनिक सुधार लागू करने के निर्देश दिए हैं.



उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के रिकॉर्ड के रख-रखाव, प्राप्ति और निराकरण के लिए एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार की जाए. इसके साथ ही, कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के लिए भी व्यवस्था की जाए, ताकि यह स्पष्ट रहे कि कौन सा काम किस समय-सीमा के भीतर पूरा होना है. नकल शाखा और लोकसेवा केंद्र के समन्वय को सुधारने के लिए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि लोकसेवा का ऑपरेटर अथवा रनर प्रतिदिन अनिवार्य रूप से शाखा में उपस्थित होगा. वह न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा, बल्कि रोजाना लंबित प्रकरणों का पूरा विवरण भी रजिस्टर में दर्ज करेगा. अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि नकल शाखा, लोक सेवा और अभिलेखागार में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निपटारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही होना चाहिए. इस दौरान एडीएम अविनाश रावत, सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन, एसडीएम अमन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# अवैध बीज विक्रय पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सागर 9 जुलाई. कृषि विभाग खुरई ने खिमलासा में अवैध बीज विक्रय पर कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है.**

विगत दिवस खिमलासा के किसानों ने लिखित शिकायती आवेदन में बताया कि शांति ऑटो पार्ट्स दुकान के संचालक बाहुबली जैन/संते जैन द्वारा अवैध रूप से सोयाबीन बीज बेचा जा रहा है. किसानों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अधिकारी खिमलासा स्थित विक्रय स्थान पर पहुंचे.कृषि व पुलिस विभाग की टीम ने खिमलासा स्थित बाहुबली जैन के शांति ऑटो पार्ट्स दुकान में अवैध रूप से सोयाबीन बीज विक्रय होने की शिकायत के संबंध में निरीक्षण किया. बाहुबली जैन के पास बीज विक्रय के संबंध में वैध दस्तावेज, बीज लाइसेंस नहीं पाए गए. गोदाम से 30-40 किलो क्षमता की बीज अंकित हुई खाली बोरी भी प्राप्त हुई साथ ही जगह-जगह सोयाबीन के बिखरे दाने पाए जाने पर टीम ने सोयाबीन बीज विक्रय होने की पुष्टि की. मौके पर ही स्थल पंचनामा तैयार किया गया. 16 किसानों ने बाहुबली जैन से बीज खरीदने की पुष्टि की. बाहुबली जैन ने किसानों को सोयाबीन विक्रय करने की बात स्वीकार की. कार्रवाई में जयदत्त शर्मा, राधेश्याम पटेल, राजू चौहान, धीरेंद्र प्रताप सिंह मौजूद थे.

# ईको वाहन जप्त

**सागर.** आरटीओ ने गढ़ाकोटा में स्कूली वाहनों की चैकिंग की जा रही थी. ईको वाहन क्रमांक एमपी 04 सीएस 6030 जो स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने का कार्य कर रही थी, उसे गढ़ाकोटा में रोककर चैक किया गया. वाहन के चालक से वाहन के कागजात मांगे गये तो उन्होंने कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए. वाहन के पीछे के भाग की डिक्की के गेट को खोलकर देखा गया तो वाहन में एलपीजी गैस किट लगी थी. जानकारी के अनुसार वाहन को एलपीजी गैस से चलाया जा रहा था. उक्त वाहन कार्यालय में प्रायवेट श्रेणी में पंजीकृत होकर स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने का कार्य कर रही थी.

# महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण करेंगे सीएम

नवभारत न्यूज

**सागर 9 जुलाई. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने महाराणा प्रताप की निर्माणाधीन प्रतिमा स्थल सिटी स्टेडियम का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल क्षत्रिय समाज ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के स्वाभिमान, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक हैं.



उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति, साहस और त्याग की प्रेरणा देती रहेगी.

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री राजपूत के साथ क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष नीरज सिंह नयाखेड़ा, पूर्व अध्यक्ष हरिराम सिंह, युवा क्षत्रिय समाज अध्यक्ष संदीप सिंह, सनिल सिंह सेमाढाना, संतोष सिंह नयाखेड़ा अरुण सिंह कन्नू राजा, अभिषेक सिंह पिपरिया, गजेंद्र सिंह सूरजपुरा, शैलेन्द्र सिंह, सौरभ सिंह, कपिल सिंह, देशराज सिंह, संजय सिंह सेमराघोना सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे.

# ताईक्वांडो के लिए प्रतिभा चयन




नवभारत न्यूज

**सागर 9 जुलाई. राज्य ताईक्वांडो अकादमी भोपाल द्वारा ताईक्वांडो अकादमी के लिए प्रतिभा चयन खेल परिसर में किया गया.**

यह चयन प्रक्रिया का प्रथम चरण था, जिसमें विशेषज्ञ द्वारा चयनित खिलाड़ी को द्वितीय चरण में भोपाल स्थित राज्य ताईक्वांडो अकादमी में चयन प्रक्रिया हेतु आमंत्रित किया जावेगा.चयन ट्रायल में लगभग 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया. भोपाल से पधारे ताईक्वांडो अकादमी के प्रशिक्षक अर्जुन सिंह रावत द्वारा चयन प्रक्रिया संपन्न कराई. चयन ट्रायल में संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी शर्मिला डावर एवं खेल प्रशिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे.

## एक नजर में



### प्रभारी मंत्री से विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

**सागर.** भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रिशांक तिवारी ने भोपाल प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला तथा भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल से भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की. श्री शुक्ला से भेंट के दौरान श्री तिवारी ने सागर के विकास, शहर की आवश्यकताओं और आमजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की. इसके पश्चात श्री तिवारी ने भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री अग्रवाल से संगठन, मीडिया और विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई.



### पाठशाला का निरीक्षण किया गया

**सागर.** सांगानेर जयपुर से आए शास्त्री द्वारा पाठशाला का निरीक्षण किया गया. वही पाठशाला की परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए एवं प्रथम द्वितीय तृतीय बच्चों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. निबंध प्रतियोगिता में रूबल जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया.




### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस समारोह का आयोजन

**सागर.** रोटरी के नवीन सत्र के प्रथम सेवा कार्यक्रम के रूप में रोटरी क्लब सागर सेंट्रल द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस समारोह का आयोजन छावनी अस्पताल में संपन्न हुआ. संचालन डॉ. आजाद जैन के संयोजन एवं अथक प्रयासों से संपन्न हुआ. क्लब अध्यक्षा श्रीमती प्रीति चौधरी, सचिव डॉ. प्रियंका बरजात्या, श्रीमती दीप्ति चंदेरिया, श्रीमती ममता वर्मा तथा इनर व्हील क्लब की अनेक सदस्याओं ने सफल बनाया. रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अनुराग चौधरी ने कहा कि चिकित्सक समाज के सच्चे सेवक हैं और उनका सम्मान करना हम सभी का नैतिक दायित्व है. कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों रोटेरियन अभिनव जैन, अर्पित वर्मा, विजय भूषण वर्मा, संजय अग्रवाल, सुरेश चंद्र जैन, अनिल चंदेरिया, अमित गुप्ता एवं विवेक श्रीवास्तव की सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग भी उल्लेखनीय रहा. क्लब सचिव रोटेरियन सौरभ जैन ने आभार व्यक्त किया.

### प्रदेश स्तर कार्यक्रम 11 को होगा

**ललितपुर.** डॉ अंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघभारत के जिला संयोजक ने बताया है कि11 जुलाई को लखनऊ में केसर वाग गांधी भवन में प्रदेश स्तर का कार्यक्रम होने जा रहा है. जिसमें राष्ट्रीय संयोजक सह संयोजक समस्त जिला संयोजक सदस्य पदाधिकारी मिशन विचारक विचार प्रकट करेंगे.

# गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा



नवभारत न्यूज

**सागर 9 जुलाई. विधायक शैलेंद्र जैन ने विठ्ठलनगर वार्ड से ग्राम भैंसा तक निर्माणाधीन लिंक रोड का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री, निर्माण प्रक्रिया तथा कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन किया. संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों से जानकारी प्राप्त की. विधायक श्री जैन ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित सभी तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप किया जाए. निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा.

# हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें

**सागर.** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एपिड योजना के अंतर्गत जिले के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 20 जुलाई से 4 अगस्त तक जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं नगरीय निकायों में परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएगें. शिविर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, जबलपुर के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे. शिविरों में पात्र हितग्राहियों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे.

# 6 नए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर व 21 में भार वृद्धि

नवभारत न्यूज

**खुरई 9 जुलाई. एक वर्ष से चल रही लचर व्यवस्था को सुधारने के लिए पूर्व गृह मंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि कि जनता को सातों दिन 24 घंटे विद्युत की सप्लाई दी जाए.**

संभाग के प्रमुख अधिकारी मोहन सुल्या ने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के समस्त ग्रामों में जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए त्वरित गति से निराकरण का कार्य आरंभ कर दिया गया है. शिकायतों की निराकरण की दिशा में अभी तक पोल सुधारीकरण, ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य प्रमुखता से अनेक स्थानों पर किए गए हैं. साथ ही श्री सिंह के पत्र अनुसार 6 नये अतिरिक्त ट्रांसफार्मर और 21 ट्रांसफार्मरों की भारवृद्धि के कार्य भी स्वीकृत करा दिए गए हैं. मप्र विद्युत वितरण संभाग के डिवीजनल इंजीनियर ने बताया है श्री सिंह के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए 12 ग्रामों में पोल सुधारीकरण हुआ है उनमें ग्राम एचनवारा, बम्होरी नवाब, दुगाहा, चकेरी, महमूदपुरा, पिपरिया, तोड़ाकाची, मुड़री, पठारी रोड, जरवास,पाली, ओसली ग्रामों के पोल सीधे किए गए हैं, अब टूटे पोल की जगह नए पोल लगाए गए हैं. अन्य जगहों के टूटे और तिरछे पोल को सीधा किया जाने का कार्य लगातार किया जा रहा है. इसमें प्रगति लगातार जारी है.



ग्राम मोहली खुर्द के दो, बम्होरी हुड्डा, बनहट, सेमरा अटा, मल्थोन आवास कॉलोनी के ट्रांसफार्मर शासन के नियमानुसार बकाया राशि का मात्र 10% राशि जमा होने पर तत्काल बदल दिया गया है, शेष को भी तत्काल राशि जमा करवाकर बदलने की कारवाही की जा रही है.

# मुनिचर्या ही मोक्ष मार्ग को प्रशस्त करने का साधन

नवभारत न्यूज

**सागर 9 जुलाई. भाग्योदय तीर्थ में मुनिश्री उद्यम सागर महाराज ने कहा कि आर्यिका प्रशांतमति संघ के आशीर्वाद से कटंगी चातुर्मास के दौरान उनके जीवन की दिशा ही बदल गई. पहले मन में धन अर्जित करने का प्रबल जुनून था, लेकिन धर्मभाव जागृत होने के बाद जीवन पूर्णत: आत्मकल्याण और धर्म साधना के लिए समर्पित हो गया.**

उन्होंने कहा प्रत्येक जीव की आत्मा अनादिकाल से संसार में परिभ्रमण कर रही है और भवों का भ्रमण कर चुकी है. यदि सम्यक भाव और समुचित पुरुषार्थ किया जाए तो प्रत्येक जीव में भगवान बनने की पूर्ण क्षमता विद्यमान है. भगवान बनने की शक्ति सभी के भीतर है, आवश्यकता केवल सही दिशा में प्रयास करने की है.

मुनिश्री ने बताया कि उनका विवाह लगभग तय हो चुका था, किंतु उन्होंने कटंगी में चातुर्मास कर रही आर्यिका प्रशांतमति माताजी के समक्ष ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण करने की भावना व्यक्त की. दीपावली पर उन्होंने इस संकल्प का निवेदन किया. उन्होंने कहा कि ब्रह्मचर्य और मुनि चर्या ही मोक्षमार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रमुख साधन हैं. उन्होंने बताया कि गुरुदेव के चरणों में 22 साल में 25 वार श्रीफल अर्पित कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं. वर्ष 2006 में बहोरीबंद में आचार्य भगवंत के सान्निध्य का लाभ मिला तथा वर्ष 2009 में सागर में सातवीं प्रतिमा ग्रहण करने का निवेदन किया, जिस पर गुरुदेव ने आशीर्वाद प्रदान किया. सिद्धायतन में रहकर विशुद्धि की साधना का जो अवसर मिला, वह उनके जीवन का अत्यंत अद्भुत और अविस्मरणीय अनुभव रहा. मुनिश्री ने कहा कि माताजी की समाधि के बाद उनके मन में केवल एक ही संकल्प रह गया—मुनि बनने का, इसके पश्चात उन्होंने अपनी स्वयं की समाधि और दीक्षा के लिए भी गुरुदेव से निवेदन किया. उन्होंने कहा कि दीक्षा तो कहीं भी मिल सकती है, किंतु ऐसे सद्गुरु का सान्निध्य अत्यंत दुर्लभ होता है. उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन में मनुष्य अनेक प्रकार के पापकर्म करता है, किंतु सच्चे भाव से मुनि जीवन धारण कर संयमपूर्वक साधना करने पर उन कर्मों के क्षय का मार्ग प्रशस्त होता है. लगभग 25 वर्षों की साधना और प्रतीक्षा के बाद उन्हें मुनि दीक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य मिला. धर्मसभा को मुनिश्री शाश्वत सागर महाराज ने भी संबोधित करते हुए धर्म, संयम और आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी. संचालन मुकेश जैन ढाना ने किया.

# भाजपा कार्यकर्ता बरी

**बीना.** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार कुंदू की अदालत ने भाजपा कार्यकर्ता आकाश गोदना, सोनू लोधी को दर्ज मुकदमे में बाइज्जत बरी कर दिया. जिसकी पैरवी एडवोकेट अल्ताफउद्दीन अब्बासी ने की. आकाश ने बताया कि कुछ वर्ष पहले जब वे पूर्ववर्ती संगठन में सक्रिय थे, तब तत्कालीन राजनीतिक विरोधियों ने धारा 307 सहित कई गंभीर धाराओं में झूठा मामला दर्ज करवाया था. लगभग 3 साल चली कानूनी लड़ाई के बाद न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में आकाश को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया. फैसले के बाद आकाश गोदना ने कहा, मुझे देश के कानून और न्यायपालिका पर पहले दिन से भरोसा था. आकाश ने इस दौरान साथ देने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया.

# निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए

नवभारत न्यूज

**सागर 9 जुलाई. हरिसिंह गौर वार्ड में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं आरोप है कि भवन निर्माण में रेत के स्थान पर डस्ट का उपयोग कर दीवारों की जुड़ाई की जा रही है जिससे निर्माण की मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं.**

पार्षद शिवशंकर यादव ने निगमायुक्त से मांग की है कि निर्माण कार्य का टेंडर निरस्त कर निर्माण एजेंसी को ब्लेक लिस्ट किया जाए. पार्षद श्री यादव ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन के निर्माण ठेका राहुल ठाकुर को मिला है जबकि निर्माण कार्य पेटी ठेकेदार शिवा राठौर द्वारा कराया जा रहा है. नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है और दीवारों की जुड़ाई में रेत की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा है. श्री यादव ने कहा कि यह भवन छोटे बच्चों के लिए बनाया जा रहा है इसलिए इसकी गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि ननि के सभी निर्माण कार्यों में लगातार अनियमितताएं सामने आ रही हैं. निगमायुक्त को शिकायत और प्रमाण दिए जा चुके हैं. लेकिन जिम्मेदार ठेकेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही. उन्होंने आरोप लगाया कि सभी निर्माणकार्य भाजपा के लोग कर रहे हैं.

# कटरा में हटाया अतिक्रमण



नवभारत न्यूज

**सागर 9 जुलाई. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने सफाई व्यवस्था, यातायात की सुगमता का निरीक्षण करते हुए कटरा बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया.**

निरीक्षण के दौरान सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण पाए जाने पर उन्होंने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करवाई तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. भ्रमण के दौरान निगमायुक्त ने देखा कि कुछ दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामग्री रखकर आवागमन में बाधा उत्पन्न की जा रही है. उन्होंने कार्रवाई करते हुए सड़क पर रखी सामग्री को जप्त करने के निर्देश दिए.

# 51 मरीजों को मिला रक्त

**सागर.** पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संचालित ब्लड हेल्पलाइन सेवा लगातार जरूरतमंद मरीजों के लिए 51 जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया. इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 7 मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर सहयोग प्रदान किया गया. गौरतलब है कि अब तक 1,855 जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है. यह सेवा निरंतर प्रभावी भूमिका निभा रही है. यही कारण है कि यह हेल्पलाइन सागर जिले सहित पूरे संभाग में जनविश्वास का पर्याय बन गई है.

# महाराष्ट्र के गौरव सम्मान से सम्मानित शिशिर

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 9 जुलाई. बजाज समूह के चेयरमैन एमेरिटस एवं बजाज फाउंडेशन के अध्यक्ष शिशिर बजाज को भारतीय उद्योग, विशेषकर चीनी एवं एथेनॉल क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान, ग्रामीण विकास के प्रति समर्पण तथा सामाजिक परिवर्तन में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रतिष्ठित महाराष्ट्र के गौरव सम्मान से सम्मानित किया.**



नई दिल्ली स्थित हयात रीजेंसी में आयोजित आयोजित विकसित भारत कॉन्क्लेव के दौरान प्रतिष्ठित कॉफी टेबल बुक महाराष्ट्र के गौरव का लोकार्पण केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में किया गया. संस्करण में श्री बजाज के जीवन, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर नौ पृष्ठों का विस्तृत आलेख प्रकाशित किया गया है. इसमें संस्थापक जमनालाल बजाज की विरासत को आगे बढ़ाने में श्री शिशिर बजाज की भूमिका का उल्लेख किया गया है. शिशिर के नेतृत्व में बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए दो चीनी मिलों से बढ़कर चौदह चीनी मिलों तथा एक डिस्टिलरी से बढ़कर छह डिस्टिलरी तक विस्तार किया.